कनाडा के जिस.... 2 | नवाब मलिक की.... 3 | कांग्रेस झूठी गारंटी.... 5 | चुनाव की तैयारी..... 6


अखबार वो जो दिखाता है सच | हिन्दी दैनिक

# तेजयुग न्यूज़

www.tejyug.com
मंगलवार,05 नवम्बर,2024
Tuesday,05, November,2024

स्थापना दिवस 2024
वर्ष/year: 01 . अंक/issu :85 .पृष्ठ/page :06. मूल्य/rate :3₹
हापुड़ से प्रकाशित/ Publlahed From Hapur

UPHIN/2023/51292



हापुड़ **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00°c°c | 11.00 °c°c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.34 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.28 बजे

# कनाडा के जिस हिंदू मंदिर पर हुआ हमला, वहां 3 गिरफ्तार

## आपत्ति जता MEA ने कहा- फौरन रोके जाएं ऐसे अटैक

**तेजयुग न्यूज**

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुए हमले से जुड़े मामले में सोमवार (चार नवंबर, 2024) को एक्शन हुआ. वहां की पुलिस ने तीन लोगों को अरेस्ट किया है. पील पुलिस की ओर से कहा गया कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुए हमले के मामले में उनकी ओर से तीन लोगों को पकड़ लिया है. हालांकि, फिलहाल गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान को सार्वजनिक नहीं किया गया है.

हमले को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "बीते रोज ब्रैम्पटन की हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों की ओर से किए गए हमले की हम निंदा करते हैं. हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए. हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा. हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं. भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे वाणिज्य दूतावास अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से नहीं रोका जाएगा.




ब्रैम्पटन में खालिस्तन समर्थको की ओर से मंदिर पर हमले के बाद पुलिस ने तीन लोगों को अरेस्ट किया है. इसे लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया.

**हमले को लेकर क्या बोले कनाडाई पीएम ट्रूडो**

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करके हमले की निंदा की.

ट्रूडो ने कहा कि प्रत्येक कनाडाई को अपनी आस्था का स्वतंत्र तरीके से और सुरक्षित माहौल में पालन करने का अधिकार है.

जस्टिन ट्रूडो ने समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच के लिए "त्वरित कार्रवाई करने पर" स्थानीय पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया.

समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच के लिए तुरंत कार्रवाई करने पर पील क्षेत्रीय पुलिस का भी धन्यवाद किया.

**हिंदुओं ने की एकजुटता की अपील**

हमले के बाद अब कनाडा में रह रहे हिंदू भी एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे हैं. ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के बाहर भारतीयों ने 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे लगाए और भारतीयों से एकजुट होने की अपील की.

**गिरफ्तार हुए आरोपियों पर लगाए गए कई आरोप**

पील क्षेत्रीय पुलिस का कहना है कि वह ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर आयोजित प्रदर्शन में तैनात थी. इस प्रदर्शन को मिसिसॉगा शहर के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया. इन प्रदर्शनों के बाद तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके अपराधों के लिए उन पर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं.

**गैरकानूनी कृत्यों की सक्रिय रूप से जांच जारी**

पील पुलिस ने कहा, "हमारे 21 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो और 12 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो की ओर से कई गैरकानूनी कृत्यों की सक्रिय रूप से जांच जारी है. हम उन लोगों के सहयोग की सराहना करते हैं जो शांतिपूर्ण बने रहे. हम समुदाय में सभी की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करते हैं.


**2 नवंबर को एक्टर शाहरुख खान ने अपना 59वां जन्मदिन मनाया**



2 नवंबर को एक्टर शाहरुख खान ने अपना 59वां जन्मदिन मनाया. उन्हें बर्थडे पर लाखों फैंस ने जन्मदिन की बधाई दी. कई फैंस उनके घर मन्नत के बाहर इकट्ठा हुए. इस बीच एक ऐसा फैन मिला जो झारखंड से आया था और पिछले 95 दिनों से उनके घर के बाहर उनसे मिलने के लिए इंतजार कर रहा था. जिसके बाद आज खबर आई कि शाहरुख ने अपने उस फैन से आज मुलाकात कर ली है. जिसकी फोटो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है.

## सार सुर्खियां

### पूर्वी गेट के पास बने मंदिर में नमाज अदा की. जिसे देख लोगों ने हंगामा कर दिया



आगरा में बने ताजमहल को हर कई देखने आता है और अक्सर ताजमहल चर्चाओं में भी रहता है. हाल ही में ताजमहल घूमने आए ईरानी पर्यटक ने ताजमहल के पूर्वी गेट के पास बने मंदिर में नमाज अदा की. जिसे देख लोगों ने हंगामा कर दिया. पर्यटक अपनी पत्नी-बेटी के साथ आगरा भ्रमण पर आया था. वह नमाज के लिए साफ जगह ढूंढ रहा था. और उसे जगह दिखाई दी तो पत्नी बेटी को बाहर खड़ा कर अंदर चला गया. पर्यटक ने बताया कि उसे नहीं पता था कि वो मंदिर है. पुलिस ईरानी पर्यटक और उसके परिवार के लोगों को थाने ले लाई. जहां उसने माफी मांगी. पुलिस ने माफीनामा लिखवाकर उसे छोड़ दिया.

### भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर को कथित तौर पर विदेश से धमकी देने का मामला सामने आया है.



भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर को कथित तौर पर विदेश से धमकी देने का मामला सामने आया है. उन्हें गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के नाम से धमकी भरा कॉल आया है. इसको लेकर गुरुग्राम पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. अनमोल पर अमेरिका-कनाडा से जिम्बाब्वे और केन्या के नंबरों का उपयोग कर धमकी भरे कॉल करने का आरोप है.

### पुणे के पिंपरी चिंचवड से हत्या का मामला सामने आया है. यहां खाना बनाने को लेकर दो दोस्तों के बीच झगड़ा

पुणे के पिंपरी चिंचवड से हत्या का मामला सामने आया है. यहां खाना बनाने को लेकर दो दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया. जिसके बाद एक दोस्त ने दूसरे की हत्या कर दी. आरोपी ने युवक पर लोहे की रॉड से तब वार किया जब वह सो रहा था. आरोपी और मृतक तीन अन्य लोगों के साथ एक निजी कंपनी में केयरटेकर के तौर पर काम करते थे. आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

**www.tejyug.com**

### हसरकार या लोग...साफ यमुना घाट को आखिर किसने बनाया गंदा

**तेजयुग न्यूज**

शयमुना के गंदे पानी की चर्चा इन दिनों हर कोई कर रहा है. कालिंदी कुंज के यमुना घाट के हालात भी बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं. हाल ही में दिल्ली का रहने वाले एक परिवार भी नदी के किनारे पूजा करके यमुना में स्नान करता दिखा. इस परिवार को वहां मौजूद होमगार्ड और सुरक्षा गार्ड ने बाहर की ओर खदेड़ दिया. सभी को तुरंत बाहर निकलने के लिए कहा गया. सुरक्षा कर्मियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यहां पर अभी फिलहाल सफाई का काम चल रहा है. इस वजह से कोई भी नहा नहीं सकता.

**यमुना घाट का हाल बेहाल**

यमुना घाट पर लोगों को जागरूक कर रहे मुमताज अली से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज यमुना की जो हालत है, इसके लिए सिर्फ सरकार या जल बोर्ड ही जिम्मेदार नहीं है. जनता भी आजकल घर का कचरा, कपड़े, फूल और मूर्तियां सब कुछ नदी में बहा देना चाहती है. मूर्ति अगर मिट्टी की हो तो सही है, लेकिन प्लास्टिक से लेकर हर तरह का सामान लोग नदी के अंदर ही बहा दे रहे हैं. इस वजह से यमुना गंदी हुई है. वरना पहले सीधा हाथ से उठाकर पानी पी लेते थे. किसी भी फिल्टर की जरूरत ही नहीं पड़ती थी. आज फिल्टर भी इसके पानी को पीने लायक नहीं बना सकता है.

**क्यों गंदी हो रही है यमुना?**

यमुना के किनारे कई सालों से रह रही वीणा बताती हैं कि उनका पूरा परिवार यहीं यमुना के घाट की सफाई में लगा रहा. आज वह खुद भी इसकी सफाई में लगी हुई हैं. सरकार इसमें गंदे नाले बहा रही हैं. यही एक प्रमुख कारण यमुना के गंदा होने का है. लेकिन बचपन से लेकर आज तक वह खुद भी लोगों को देख रही हैं. लोग यहां आते हैं. यमुना में घर का पूरा कचरा लाकर डाले जाते हैं. जब वह समझती हैं, तो लोग उनको ही फटकार लगाकर चुप करा देते हैं. वह कहती हैं कि जनता अगर जागरूक हो जाए, तो देश की सारी नदियों की हालत सुधर जाए, लेकिन जनता की लापरवाही भी देश की नदियों पर भारी पड़ रही है.

# नवाब मलिक की बेटी सना मलिक के खिलाफ

## शिंदे गुट ने उतारा था उम्मीदवार

**तेजयुग न्यूज**

मुंबई के अणुशक्ति नगर विधानसभा सीट से शिंदे गुट ने अपने उम्मीदवार अविनाश राणे का नामांकन वापस ले लिया है. इस सीट से अजित पवार गुट से नवाब मलिक की बेटी सना मलिक चुनाव लड़ रही हैं. महायुति ने यह किया है कि एलायंस से एक ही उम्मीदवार हो. महाराष्ट्र में नामांकन वापस लेने की समयसीमा सोमवार (4 नवंबर) दोपहर तीन बजे तक थी. धिानसभा चुनावों के लिए कुल 10 हजार 900 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था. इनमें से 1654 उम्मीदवारों के नामांकन अमान्य पाए गए. कुल 9 हजार 260 नामांकन स्वीकार किए गए. इनमें से 983 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया. इस तरह से अब विधानसभा चुनावों के लिए 8272 उम्मीदवार मैदान में बच गए हैं, जिनकी किस्मत का फैसला राज्य की जनता को करना है.




सोमवार को सभी राजनीतिक दलों ने बागियों और नाराज नेताओं को मनाने की पूरी कोशिश की. उनकी कोशिश रंग भी लाई. बीजेपी से टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने सोमवार को मुंबई की बोरीवली विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा की. बीजेपी नेता विश्वजीत गायकवाड़ ने उदगीर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन वापस लेने का फैसला किया.

अंधेरी पूर्व सीट से एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी स्वीकृति शर्मा ने नामांकन वापस लिया. शिवसेना से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने बतौर निर्दलीय लड़ने का फैसला किया था.

जालना सीट पर शिंदे गुट के अर्जुन खोत्कर के खिलाफ बीजेपी के भास्कर दानवे ने अपना नाम वापस लिया. नागपुर पश्चिम सीट पर बीजेपी के सुधाकर कोहले के खिलाफ बीजेपी के बागी नरेश बरडे ने नामांकन वापस लिया.पुसाद यवतमाल सीट पर अजित पवार गुट के इन्द्रानिल नाइक के खिलाफ बागी ययाति नाइक ने नामांकन वापस लिया.

**अणुशक्ति नगर विधानसभा सीट से सीएम एकनाथ शिंदे ने अविनाश राणे को मैदान में उतारा था. अब राणे ने नामांकन वापस ले लिया है.**

# चुनाव की तैयारी के बीच इस राज्य में

## भूकंप के झटके



**तेजयुग न्यूज**

झारखंड में इन दिनों सियासी लेवल पर हर दिन ही भूकंप आ रहे हैं. कभी किसी पार्टी के अंदर भूकंप आ रहा है तो कभी कोई नेता अपने बयान से भूचाल ला रहा है. इस बीच आज सुबह यानी 2 नवंबर को राज्य के कई इलाकों में लोगों ने असल भूकंप के झटके महसूस किये. इसके बाद सुबह ही सुबह लोग घरों से बाहर निकल गए.

नेशनल सेंटर फॉर साइस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर की. सुबह जो भूकंप के झटके महसूस किये गए, उसकी तीव्रता 4.3 थी. भूकंप का केंद्र पश्चिम सिंहभूम का चक्रधरपुर था. ये खरसांवा से तरह किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है. और जमशेदपुर से इसकी दूरी साठ किलोमीटर है.

**कई जगह आए झटके**

2 नवंबर की सुबह करीब नौ बजकर बीस मिनट पर ये झटके महसूस किये गए. झारखंड में तीन जगहों पर झटके साफ़ महसूस हुए. पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां के रहने वालों ने झटके महसूस किये. इसके तुरंत बाद वो घर से निकल गए. हालांकि, तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ.

**चार सेकंड डोली धरती**

भूकंप पर नजर रखने वाले दिल्ली के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञानं केंद्र ने इसकी पुष्टि की. उन्होंने बताया कि करीब चार सेकंड तक धरती डोली थी. ये कम तीव्रता के झटके थे, जिसकी वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ. हालांकि, अगर तीव्रता ज्यादा होती तो तबाही आ सकती थी.

# कांग्रेस झूठी गारंटी देती है, पीएम मोदी का खरगे के बहाने कांग्रेस पर हमला

**तेजयुग न्यूज**

गढ़वा. झारखंड विधानसभा के चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया. शहर के चेतना मैदान में भारी भीड़ को देखकर जय जोहार से अपने भाषण की शुरुआत की और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की. पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है. गढ़वा की धरती से प्रदेश के सभी भाई-बहनों को सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं. उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि हर बूथ में जाकर मेहनत करें. पीएम मोदी ने रोटी, बेटी और माटी की पुकार और झारखंड में भाजपा सरकार का आह्वान किया. पीएम मोदी ने हरियाणा जीत और झारखंड में परिवारवाद का जिक्र कर इंडिया अलायंस पर हमला बोला.



पीएम मोदी बीजेपी के संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए कहा, भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि की गांरटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है. मैं झारखंड भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है. ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है. पीएम मोदी ने झारखंड की धरती पर हरियाणा जीत का जिक्र करते हुए कांग्रेस और इनके साथी दलों की घोषणाओं पर पर भरोसा नहीं करने का आग्रह किया.

पीएम मोदी ने कहा, अभी ताजा ताजा हरियाणा ने इनको सबक सिखाया है. सभी को कुछ ना कुछ झूठ बेचने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा वालों ने इनके झूठ को टिकने नहीं दिया. कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोल कर सकता में आए हैं, उन राज्यों को उन्होंने बर्बाद कर दिया. इन्होंने हिमाचल को तबाह करके रख दिया है. वहां कर्मचारियों के सामने सैलरी और पेंशन तक का संकट आने लगा है. अपने हक के लिए कर्मचारियों को आंदोलन करने पड़ रहे हैं.

पीएम मोदी ने तेलंगाना और कर्नाटक का भी जिक्र किया और कहा कि तेलंगाना में भी कांग्रेस सरकार के कोरे वादों की वजह से वहां की जनता पस्त पड़ गई है. कर्नाटक में जो कुछ हो रहा है उसे तो कांग्रेस के भीतर ही तमाम घमासान मचा है. कांग्रेस के जो अध्यक्ष हैं उन्होंने ही मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देता है. मैं तो हैरान हूं पता नहीं कैसे, हमारे खड़गे जी के मुंह से जाने अनजाने सच निकल गया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो अनाप-शनाप घोषणाएं हैं यह राज्यों को दिवालिया कर रही है, इसलिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों के घोषणाओं पर कभी भी भरोसा नहीं करना है.

झारखंड चुनाव में पीएम मोदी ने हरियाणा चुनाव की जीत की बात की और वहां डबल इंजन सरकार आने के फायदे गिनाए. उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया था उसको पूरा किया है. झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद 3 लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरने का वादा करते हुए पीएम मोदी ने हरियाणा का जिक्र किया. पीएम ने कहा कि हरियाणा

**पेज एक शेष 2 पर देखे.....**